# डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय

## आगरा

(पूर्ववर्त्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा $b^{++}$ श्रेणी प्रदत्त

# उड़ान

प्रगति आख्या–२०२१

# विश्वविद्यालय प्रशासन

श्रीमती आनंदीबेन पटेल
माननीय कुलाधिपति

प्रो. विनय कुमार पाठक
कुलपति

अजय कृष्ण यादव
परीक्षा नियंत्रक

संजीव कुमार सिंह
कुलसचिव

अरूण कुमार सिंह
वित्त अधिकारी

# डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय

## आगरा

(पूर्ववर्त्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

संपादक मंडल

प्रो. प्रदीप श्रीधर
निदेशक
कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा
भाषाविज्ञान विद्यापीठ

डॉ. अमित कुमार सिंह
हिंदी विभाग

प्रकाशक

संजीव कुमार सिंह
कुलसचिव
डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

# अनुक्रम


| | | |
|---|---|---|
| 1. | माननीय कुलाधिपति महोदया का संदेश | (i) |
| 2. | आदरणीय मुख्य अतिथि जी का संदेश | (ii) |
| 3. | कुलपति जी का संदेश | (iii) |
| 4. | प्राग्भाष | (iv) |
| 5. | नवीन दायित्ववान प्रति कुलपति एवं अधिष्ठातागण | (v-vi) |
| 6. | विश्वविद्यालय एक दृष्टि में | (vii) |
| 7. | डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का संक्षिप्त परिचय | (viii-x) |


## केन्द्रीयकृत सुविधाएँ, विभाग और प्रसार गतिविधियाँ


| | | |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 | 1 |
| 2. | राष्ट्रीय सेवा योजना | 1 |
| 3. | राष्ट्रीय कैडेट कोर | 2 |
| 4. | छात्र कल्याण विभाग | 3 |
| 5. | विश्वविद्यालय की झलकियाँ | 4-5 |
| 6. | समाचार पत्रों के दर्पण में विश्वविद्यालय | 6-7 |


## संस्थानों, विभागों एवं अध्ययन केन्द्रों की संक्षिप्त प्रगति व्याख्या


| | | |
|---|---|---|
| 1. | कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ | 8-10 |
| 2. | समाज विज्ञान संस्थान | 10-15 |
| 3. | गृह विज्ञान संस्थान | 15-17 |
| 4. | मौलिक विज्ञान संस्थान (आई.बी.एस.) | 17-22 |
| 5. | दाऊ दयाल व्यावसायिक शिक्षण संस्थान | 22-24 |
| 6. | अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान (आई.ई.टी.) | 24-27 |
| 7. | सेठ पदम चन्द जैन प्रबंध संस्थान | 28 |
| 8. | पर्यटन एवं होटल प्रबन्धन संस्थान | 28-29 |
| 9. | ललित कला संस्थान | 29-30 |
| 10. | पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान | 30-31 |
| 11. | शारीरिक शिक्षा संस्थान | 31-32 |
| 12. | जीवन विज्ञान संस्थान (स्कूल ऑफ लाइफ सांइस) | 32-40 |
| 13. | कम्प्यूटर विज्ञान विभाग | 41-42 |
| 14. | इतिहास एवं संस्कृति विभाग | 42-43 |
| 15. | पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग | 43-44 |
| 16. | विश्वविद्यालय कम्प्यूटर केन्द्र | 44 |

आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

राज भवन
लखनऊ - 226 027

24 मार्च, 2022

## सन्देश

यह अत्यन्त प्रसन्नता की बात है कि डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा 29 मार्च, 2022 को अपना 87वां दीक्षान्त समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर एक पत्रिका का प्रकाशन भी किया जायेगा।

शिक्षा मानव के अन्तर्निहित शक्तियों का स्वभाविक और समरस विकास है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जो अनवरत चलती रहती है। आज का युग केवल ज्ञान का युग नहीं रहा है, अपितु यह ज्ञान को क्रिया–व्यवहार में बदलने का युग है। दीक्षान्त आयोजन में श्रेष्ठ विद्यार्थियों को उपाधि एवं पदक प्रदान कर विश्वविद्यालय अपनी बौद्धिक परम्परा और उत्कृष्टता की संस्कृति को प्रवाहित करता है। इससे विश्वविद्यालय का जहां गौरव बढ़ता है, तो वहीं दीक्षित विद्यार्थी देश एवं समाज सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ते हैं।

दीक्षान्त समारोह के आयोजन एवं स्मारिका के प्रकाशन की सफलता के लिये मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

आनंदीबेन

( आनंदीबेन पटेल )

दूरभाष : 0522-2238407 फैक्स : 0522-2238488 ईमेल : hgovup@gov.in वेबसाईट : www.upgovernor.gov.in

H.H. Pujya Swami Chidanand Saraswatiji
*President, Parmarth Niketan*

## संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा का 87वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 29 मार्च, 2022 को आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की वार्षिक उपलब्धि भी प्रकाशित की जा रही है।

दीक्षान्त समारोह प्राचीन समावर्तन संस्कार का ही परिष्कृत रूप है। स्वावलम्बन एवं समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होने के लिए छात्र–छात्रों का दीक्षित होना आवश्यक है। इसके दृष्टिगत प्रत्येक विद्यार्थी के लिये दीक्षान्त–संकल्प उसका सर्वोत्तम क्षण होता है।

दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए मैं आशा करता हूँ कि यह समस्त विद्यार्थीगण अपनी उपलब्धियों से प्रदेश व देश के गौरव में वृद्धि करेंगे ।

दीक्षान्त समारोह के सफल आयोजन एवं वार्षिक पत्रिका उपलब्धि के उद्देश्यपरक प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

ईश्वर और मानवता की सेवा में,

स्वामी विद्यानन्द

स्वामी विद्यानन्द सरस्वती,
अध्यक्ष परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश

Parmarth Niketan Ashram, PO Swargashram, Rishikesh (Himalayas), Uttarakhand-249304 India Phone: +91-135-2440088, +91-135-2440070, Fax: +91-135-2440066, *swamiji@Parmarth.com, www.PujyaSwamiji.org, OPujyaSwamiji, Twitter/@PujyaSwamiji I@ Parmarth.org, Facebook/ParmarthNiketan, O@ ParmarthNiketan ,Youtube/ParmarthNiketan

**प्रोफेसर विनय कुमार पाठक**
**कुलपति**
**Professor Vinay Kumar Pathak**
**Vice-Chancellor**

**डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय**
**(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय)**
**आगरा– 282 004 (उ.प्र.)**
Dr. BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY
(Formerly : Agra University)
AGRA - 282 004 (U.P.) India

## योगक्षेमं वहाम्यहम्

हमारी शिक्षा व्यवस्था 'सर्वभूतहिते रताः' का व्यावहारिक रूप रही है। भारतवर्ष युग–युगांतर से ज्ञान–विज्ञान, धर्म–कर्म और आचार–विचार की पावन धरती रहा है। हमारे आर्ष ग्रन्थों वेदों, पुराणों, उपनिषदों, आरण्यकों में अपार बौद्धिक संपदाओं का भंडार है जो जीवन निर्माण के साथ–साथ जीवन निर्वाह का भी निर्विकल्प मार्ग दर्शाती हैं, परंतु दुर्भाग्य से यह परम्परा आज निर्विकार रूप में अपना अस्तित्व अक्षुण्ण नहीं रख पाई है। समय के प्रभाव ने लाभ और लोभ की प्रवृत्तियों को प्रश्रय दिया है, जिससे कहीं न कहीं हमारे ऋत्विक जीवन लक्ष्यों पर कुठाराघात हुआ है।

विश्व में कुल चार क्रांतियाँ उल्लेखनीय कही जा सकती हैं। पहली क्रांति भाप के इंजन का आविष्कार, दूसरी विद्युत बल्ब का आविष्कार और तीसरी क्रांति औद्योगिक क्रांति मानी जाती है। इन सबसे अलग, सर्वथा नवीन, पुनर्जागरण की प्रसूति करती क्रांति है 'सूचना प्रौद्योगिकी की क्रांति'। 'मैन और मशीन' की महिमा आज सर्वत्र दर्शनीय है। विचारणीय है कि इस सूचना प्रौद्योगिकी की क्रांति का एक बड़ा कर्मठ और कार्यकारी अवयव आज का युवा वर्ग है।

भारत फिर से विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की यह स्वप्नसिद्धि युवा वर्ग के साहस, सोच, संकल्प और समर्पण के सात्विक समन्वय से ही संभव हो सकती है। किसी भी देश के विश्वविद्यालयों से देश का नयी पीढ़ी सीधे तौर पर जुड़ी हुई होती है, जो अपने ध्रुवलक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सदैव तत्पर होती है। आपका विश्वविद्यालय भी नयी शिक्षा नीति 2020 के सम्यक् क्रियान्वयन के माध्यम से युवाओं के सर्वांगीण विकास को अपेक्षित विस्तार देने में लगातार प्रयासरत है। मात्र दो माह के मेरे अल्प कार्यकाल में वनव्यू सॉफ्टवेयर, डिजिटल सिगनेचर, डिजिलॉकर, ऑनलाइन शिक्षण जैसे आयाम आपके विश्वविद्यालय को त्वरित विकास की ओर ले जाने के लिए कृतसंकल्पित रहे हैं। छात्रों के शैक्षिक–सामाजिक–नैतिक विकास के साथ–साथ उन्हें रोजगारोन्मुखी शिक्षा देने के लिए भी हम पूर्णतया प्रतिबद्ध हैं।

विश्वविद्यालय के सत्तासीवें दीक्षांत समारोह के इस सुंदर आयोजन पर मैं आप सबको बहुत–बहुत शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् का भावपूर्ण विश्वास हमारे समस्त जीवन अनुष्ठानों को सफल करेगा।

**प्रो. विनय कुमार पाठक**
कुलपति, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

# प्राग्भाष

मानव जीवन मात्र भौतिक विकास और सुख–सुविधाओं को प्राप्त कर लेने भर का नाम नहीं है अपितु ज्ञान–कर्म–धर्म के शाश्वत मर्म को जानकर और इनसे सात्विक समन्वय स्थापित कर, निष्ठा–समर्पण–त्याग की त्रिवेणी से जीवन घट को परिपूर्ण करना इसका परम लक्ष्य है। इन श्रेयस् लक्ष्यों को प्राप्त करने में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण योगदान हमारे सांस्कृतिक उपादानों और शैक्षणिक संस्थानों का होता है। सन् 1927 में स्थापित यह विश्वविद्यालय अपने ऐतिहासिक आयामों के कारण आज पूरे विश्व में जाना जाता है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय एक विशाल शैक्षिक वटवृक्ष है। विश्वविद्यालय से इस समय कुल 17 राजकीय, 39 अनुदानित, 940 स्ववित्तपोषित महाविद्यालय सम्बद्ध हैं जिनमें पूरे भारत से विद्यार्थी अपेक्षित शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस विश्वविद्यालय ने अपने अंक से समय–समय पर अन्य अनेक विश्वविद्यालयों को भी परिपोषित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह, अटल बिहारी वाजपेई, पूर्व राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, साहित्यकार राजेंद्र यादव, अजीत डोभाल, अभिनेता मनोज कुमार आदि जैसे व्यक्तित्व इस विश्वविद्यालय की अप्रतिम और अभिनव शैक्षिक उपलब्धियाँ हैं। विश्वविद्यालय अपने ध्येयवाक्य 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' को आत्मसात् कर अपने विद्यार्थियों को ऊर्जस्वित करते हुए देश और समाज की सर्वांगीण उन्नति के पथ पर उत्तरोत्तर आगे बढ़ रहा है।

किसी भी संस्था की सम्यक् प्रगति में उसके कुशल मार्गदर्शक का महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। सौभाग्य की बात है कि अपने विश्वविद्यालय को प्रोफ़ेसर विनय कुमार पाठक जी जैसे अनुभवी कुलपति का सानिध्य प्राप्त हुआ है। विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुल पांच बार कुलपति पद को सुशोभित करने वाले वर्तमान कुलपति प्रो. विनयकुमार पाठक जी ने अपना कार्यभार 27 जनवरी सन् 2022 को इस विश्वविद्यालय में ग्रहण किया। प्रो. पाठक जी की मनीषा और कर्मठता का प्रमाण विगत दो माह में उनके द्वारा किए गए विभिन्न अकादमिक और प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से प्राप्त होता है। बहुत ही कम समय में आपने अपने अथक प्रयासों द्वारा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक सम्प्राप्तियों में उल्लेखनीय अभिवृद्धि की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रोलमॉडल के रूप में स्वीकार कर विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का शुभारंभ और स्नातक स्तर पर सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली के आयोजन का मार्ग प्रशस्त किया गया है। किसी भी विश्वविद्यालय की गरिमा उसके स्तरीय शोधकार्य होते हैं। विगत कई वर्षों से लंबित पीएच. डी. की प्रवेश–प्रक्रिया के नियमन के साथ ही राज्य सरकार के आदेशानुसार स्नातक स्तर पर कार्यरत शिक्षकों को भी शोधनिर्देशक बनाया गया है। नवीनतम तकनीकियों से तारतम्य बैठाते हुए विश्वविद्यालय में ऑनलाइन जूम प्लेटफॉर्म का अनवरत उपयोग माननीय कुलपति जी द्वारा विभिन्न आवश्यक बैठकों के आयोजन के लिए किया जा रहा है। नैक परीक्षण के लिए मानक एकेडमिक ऑडिट, केंद्रीय पुस्तकालय का ई–लाइब्रेरी के रूप में विकास, विश्वविद्यालय के चारों परिसरों में केंद्रीय पुस्तकालय की एक–एक शाखा की स्थापना, ट्रेनिंग–प्लेसमेंट सेल, जियोटैगिंग, नवीन स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों का आरंभ जैसे महत्त्वपूर्ण आयाम आज विश्वविद्यालय की नवीनतम उपलब्धियों के रूप में परिलक्षित किए जा सकते हैं। परीक्षा सुधार की प्रक्रिया में नकलविहीन परीक्षाओं के साथ ही विगत् कई वर्षों की अंकतालिकाओं और उपाधियों का निःशुल्क वितरण और गोपनीय चार्टों के डिजिटलाइजेशन का कार्य लगातार प्रगति पर है।

विश्वविद्यालय ने तीन माह पहले ही अपना छियासीवां दीक्षांत समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया था। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव की पावन उजासमयी वेला में आज हमारा विश्वविद्यालय अपने सत्तासीवें दीक्षांत समारोह की उल्लासमयी साक्षी देने के लिए विश्वासमयी मुद्रा में आप सभी के लिए स्वागतबद्ध है।

विश्वविद्यालय के आरंभ काल से लेकर आज तक की समस्त संकल्पित सम्प्राप्तियों की स्पंदन–चेतनाओं के समेकन की संस्तुति करते हुए सत्तासीवें दीक्षांत समारोह की आप सबको अशेष मंगलकामनाएँ, कविवर प्रसाद जी की इन पंक्तियों के साथ–

अमर्त्य वीर पुत्र हो, दृढ़–प्रतिज्ञ सोच लो,
प्रशस्त पुण्य पंथ है, बढ़े चलो,बढ़े चलो।

**प्रो. प्रदीप श्रीधर**

## नवीन दायित्ववान
### प्रति कुलपति

**Name:** Prof. Ajay Taneja

**Present Position:** Pro Vice-Chancellor, Professor and Head, Department of Chemistry, Dean Science, Dr. B.R Ambedkar University, Agra

**Experience:** More than 28 years in teaching and 31 years in Research.

**Area of Research Supervision :**

Environmental chemistry, Air Pollution, Indoor air Pollution

Ph.D.-17, M.Phil- 29, LEAP [LEADERSHIP FOR ACADEMICIANS PROGRAMME] FELLOW

**Publication:** Books: 07, Research Papers: 140 (Scopus h index of 28, more than 2900citations)

**Other Publications:** Chapters-9, Research Project Reports - 06, Academic Abroad Visits: 15

**Conference Workshops Attended:**

70+, Presented the work: 40+, Invited Talks 38+, Organized: More than 16.

**Other if any:** 1). Projects: 06 Completed, (UGC, DST, CSIR) 03 Ongoing (State Govt., DST)

## नवीन दायित्ववान
### अधिष्ठाता अकादमिक

**Name:** Prof. Sanjeev Kumar

**Present Position:** Dean (Academic) and Dy. Director, IQAC,
Professor & Head, Department of Mathematics, Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra

**Qualifications:** Ph.D. (1996) Computational Fluid Mechanics (Agra University, Agra)
M. Phil. (1992) Pre-Ph.D. (Agra University, Agra)
M.Sc. (1991) in Mathematics (Agra University, Agra)

**Teaching and Research Experience:**

i) Administrative: 20 + Years in different Category

ii) Teaching: 28+ Years teaching experience to teach different UG & PG classes

ii) Research: 20+ Years exp. in the area of Mathematical Modeling and Fuzzy Modeling.

**Research Supervision:**

Ph.D. (Mathematics) 11 (Awarded) +5 (working), M. Phil.(Mathematics): 60 (Awarded), M.Sc. (Math & Computer Sc.): 25 (Awarded), M.Tech. Computer Science: 01 (Awarded)

**Fellowship/ Project:** 05

**Research Projects:** 02

**Papers Published:** 102 (Int. 50 + National 40 + Proc. 08 + Book Chapter 02), Books: 07

**Awards:** 1. Eminent Professor Award, FIRMS-2020, 2. University Best Teacher Award -2018
3. Vidyshree Award-2018, 4. Best Personity of the year Award-2015

**School/ Conference/ Workshop Organized:**

Conference : 02, FDP : 01, Webinar : 01, Workshop : 03

## नवीन दायित्ववान
### अधिष्ठाता संकाय

| | |
|---|---|
| Name: | Pro. Umesh Chand Sharma (M. Lib.I.Sc., Ph.D.). |
| Present Position: | Professor and Head,<br>Department of Library & Information Science,<br>Head Dean Faculty, Faculty Of Arts,<br>Professor In-charge Library,<br>Dr. B.R Ambedkar University, Agra |
| Experience: | More than 33 years. |
| Area of Research: | Cost Benefit Analysis Study of Central University Libraries in India. |
| Subject Specializations: | Library Classification, Cataloguing, Management & Knowledge Organizations & Research Methodology etc. |
| Supervision: | Ph.D.-31, M.Phil- 03, M. Lib. I. Sc. Dissertations more than 600 |
| Publication: | Articles 06, Forward - 01, Editorial - 02 |
| Other Publications: | Chapters-05, Research Project Reports - 06, Academic Visits: 06<br>Invited Talks in Seminars & Conferences (28), UGC Refreshers Courses (32), Lesson Writing for Universities: 05. |
| Other if any: | BOS/RDC : Gwalior, Jhansi, Faizabad, Meerut, Chitrakoot, Bhopal, Shrinagar, Garhwal, Jabalpur etc. |

## नवीन दायित्ववान
### अधिष्ठाता एल्यूमनाई (पूर्व छात्र)

| | | |
|---|---|---|
| Qualification | : | NET,Ph.D., MTA, FDP- IIM Indore |
| Research Area | : | Tourism Marketing, Cultural Tourism , Religious Tourism , Pleasure Economy. |
| Experience | : | 23 Years |
| Publications | : | Books-15, Research Papers- More than 30, Journal-01 (Chief Editor), Associate Editor -02 (American Journals), Study materials- IGNOU, UOU, UPRTOU, SIKKIM Board and UP Board<br>Session Chaired ( 2017-20)-22, Conference Organised-06<br>Conference Attended-27, Recent Invited talks Delivered in 2020-21-07 |

**Awards/Honour/ Fellowships :**

Rudra Ratna Award-2021, APJ Abdul Kalam Excellent Teachers Award-2021, Eminent Professor Award-2020, 'Rashtriya Saraswat Samman-2020', Special Honour by Sri Faggan Singh Kulaste,Minister Government of India in India Gandhi National Tribal University, Amarkantak in 2019, Agra Ratna Samman' Chirag Foundation, Agra ,2019, 'Shikshak Gaurav Samman' by Koraon Mahotsava Organising Committee on 3rd Jan 2019, Rashtriya Swadeshi Samman by Swadeshi Jagaran Manch (SJM) on 21st Dec2018, UP Icon ( Education) -2018 by Friends Society , Uttar Pradesh,

# विश्वविद्यालय एक दृष्टि में

## विश्वविद्यालय की स्थापना :

एक जुलाई, 1927 ई. को आगरा विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। 1996 ई. में इसका नामकरण डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा हुआ। इसके विभिन्न संकायों की पहली बैठक इस प्रकार हुई :

- कार्यपरिषद 15.10.1927
- संकाय (फैकल्टी) 17.10.1927
- विद्या परिषद 19.10.1927
- शैक्षिक (एकेडमिक) परिषद 21.10.1927
- सीनेट 30.10.1927

## आवासीय परिसर :

आवासीय परिसर पालीवाल पार्क, खंदारी, छलेसर एवं सिविल लाइंस में हैं, जहाँ शिक्षण कार्य होता है। प्रशासनिक खंड पालीवाल पार्क में है। छात्रावास सुल्तानगंज और खंदारी परिसर में है।

## संबद्ध कॉलेज :

विश्वविद्यालय मूलतः संबद्ध कॉलेजों के लिए था। समय की आवश्यकतानुसार इसमें आवासीय परिसर विकसित हुआ। संप्रति 15 संकाय में 64 पाठ्यक्रम चल रहे हैं।

## कॉलेजों की संख्या :

- शासकीय कॉलेज — 17
- सहायता प्राप्त कॉलेज — 39
- स्ववित्तपोषित कॉलेज — 940
- मेडिकल कॉलेज (कांस्ट्यूटेन्ट घटक) — 01
- मेडिकल कॉलेज (स्ववित्त पोषित) — 03
- आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज (स्ववित्त पोषित) — 12
- यूनानी मेडिकल कॉलेज (स्ववित्त पोषित) — 02
- नर्सिंग पैरामैडिकल कॉलेज (स्ववित्त पोषित) — 06
- डेंटल कॉलेज (स्ववित्त पोषित) — 02
- होम्योपैथी कॉलेज (शासकीय) — 07
- होम्योपैथी कॉलेज (स्ववित्त पोषित) — 03

## छात्र संख्या :

- आवासीय परिसर — 3000 (लगभग)
- सम्बद्ध कॉलेज — 5 लाख (लगभग)

## अधिकार क्षेत्र :

विश्वविद्यालय का अधिकार क्षेत्र आगरा–अलीगढ़ मंडल के आठ जिलों आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज एवं एटा है। उत्तर प्रदेश के सभी होम्योपैथिक कालेज इससे संबद्ध हैं। देश का प्रमुख एवं प्राचीन एस. एन. मेडिकल कालेज भी आरंभ से संबद्ध है।

## प्रथम कुलाधिपति :

महामहिम सर विलियम सिनक्लेयर मैरिस

## प्रथम कुलपति :

रेवरेंड कैनन ए. डब्ल्यू. डेविस

# डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का संक्षिप्त परिचय

## विश्वविद्यालय का उद्देश्य, ध्येय एवं सील :

## (University Objectives, Motto and Seal )

विश्वविद्यालय का उद्देश्य धर्म, जाति, रंग, नस्ल, लिंग भेद के बिना, पारदर्शिता के साथ सभी को समान रूप से शिक्षा का अवसर प्रदान करना है। विश्वविद्यालय और उसकी उपाधियाँ सर्वसमाज के लिए हैं। 'The Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra is open to all classes and creed, irrespective of, and sex differentiation and no test of any nature what-so ever of religion belief or profession can be imposed for entitlement of any certificate, diploma or degree.'

## ध्येय वाक्य :

विश्वविद्यालय का ध्येय वाक्य
**"तमसो मा ज्योतिर्गमय"** अर्थात् 'अंधकार से प्रकाश की ओर चलो'

यह विश्वविद्यालय की सील पर अंकित है।

The motto of the university is light and learning; `Tamso Ma Jyotirgamaya' (तमसो मा ज्योतिर्गमय) meaning 'lead me from darkness to light'

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि :

आगरा विश्वविद्यालय की स्थापना विश्वप्रसिद्ध स्मारक "ताजमहल" के शहर आगरा में हुई थी, जिसे आज हम डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के नाम से जानते हैं। यह विश्व का ऐसा शहर है, जिसके पास तीन विश्वदाय स्मारक 'WORLD HERITAGE MONUMENTS' हैं।

यमुना नदी पर बसे आगरा को प्राचीन काल में 'अग्रवन' के नाम से भी जाना जाता था। सिकंदर ने 1504 ई. में इसे अपनी राजधानी बनाया। लोदी के बाद मुगल आये। उन्होंने दिल्ली की तुलना में इसे अपनी राजधानी बना भारत के विस्तृत भू–भाग पर शासन किया।

ब्रिटिश आधिपत्य के बाद आगरा सीधे अंग्रेजों के नियंत्रण में आ गया। 1833 ई. में आगरा की महत्वपूर्ण स्थिति के कारण इसे 'प्रेसिडेंसी' का दर्जा मिला।

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में आगरा ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया था। बाद में क्रांतिकारियों के कारण आगरा का काफी नाम रहा। यहाँ 1823, 1852 एवं 1885 ई. में क्रमशः आगरा कॉलेज, सेंट जोन्स कॉलेज एवं आर. बी. एस. कॉलेज अस्तित्व में आए। आगरा कॉलेज, कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबद्ध रहा। 1837 ई. में जब इलाहाबाद विश्वविद्यालय अस्तित्व में आया तो आगरा कॉलेज एवं सेंट जोंस कॉलेज वहां से संबद्ध हो गए।

आगरा विश्वविद्यालय अपने प्रथम कुलपति रेवरेंड ए. डब्ल्यू डेविस के साथ, मुंशी नारायण प्रसाद अस्थाना, डॉ. एल. पी. माथुर, प्रो. गोकुल चंद्रा, लाला दीवान चंद्र, रायबहादुर आनंद स्वरूप, डॉ ब्रजेंद्र स्वरूप इत्यादि के सद्प्रयासों का प्रतिफल था, जिन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए सरकार को तैयार किया। उस समय एक आयोग (Sadher Commission) ने पूर्व में गोरखपुर से लेकर पश्चिम में इंदौर तक फैले संबद्ध कॉलेजों के लिए एक विश्वविद्यालय स्थापना की संस्तुति की। 1921 ई. में इसके लिए प्रांतीय विधायिका में एक बिल प्रस्तुत हुआ जो 1926 ई. में पास हुआ। 11.09.1926 एवं 20.10.1926 को इस पर क्रमशः गवर्नर एवं गवर्नर जनरल की मुहर लगी। इस तरह 01.07.1927 को आगरा विश्वविद्यालय का जन्म हुआ। आई. ई. एस. अधिकारी के. पी. किचलू इसके विशेष कार्य अधिकारी 01.04.1927 को बने, उनसे 01.11.1927 को श्री टिनकर ने चार्ज लिया। कुलसचिव पं. श्याम सुंदर शर्मा ने 14 जून से 30 जुलाई 1928 तक कुलपति कार्यालय का कार्यभार भी सम्भाला। महामहिम सर विलियम सिनक्लेयर मैरिस इसके प्रथम कुलाधिपति थे। 1996 ई. में विश्वविद्यालय का नाम डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा हुआ। अब तक इसके 86 दीक्षांत समारोह हो चुके हैं।

## विश्वविद्यालय की स्थिति :

प्रारंभ में विश्वविद्यालय की सीमा संयुक्त प्रांत आगरा एवं अवध, मध्य भारत, राजपूताना के 14 संबद्ध कॉलेजों तक थी, जिसमें 1472 संयुक्त प्रांत के छात्रों को मिलाकर कुल छात्र संख्या 2530 थी। प्रथम वर्ष में पंजीकृत स्नातक छात्र मात्र 85 थे। आज विश्वविद्यालय की सीमा उत्तर प्रदेश के आगरा–अलीगढ़ मंडल तक है। यमुना, गंगा, चम्बल जैसी प्रमुख नदियाँ इसमें बहती हैं। देश के तीन प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं हरियाणा इससे सटे हैं। प्रदेश के 10 होम्योपैथी कॉलेजों के अतिरिक्त 17 राजकीय कॉलेज, 39 एडेड कॉलेज, 940 स्ववित्त पोषित कॉलेज, 20 मेडिकल–डेंटल कॉलेज इससे संबद्ध हैं। 15 संकायों में, 64 अकादमिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। वर्तमान में छात्रों की संख्या लगभग पाँच लाख है।

आरंभ में विश्वविद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य, विधि संकाय थे। बाद में इसमें मेडीसिन (1936), कृषि (1938), शिक्षा (1938), गृहविज्ञान (1980), होम्योपैथी (1981) आए और उसके बाद फाईन आर्ट, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, लाइफ साइंस, आयुर्वेद एवं यूनानी शामिल हुए।

## विश्वविद्यालय भवन :

विश्वविद्यालय ने भरतपुर हाउस स्थित एक किराए के भवन में कार्यालय खोलकर कार्य शुरू किया था। 1933 ई. में इसे पालीवाल पार्क (तत्कालीन हैविट पार्क) के एक हिस्से के भवन में स्थान मिला, जिसमें प्रथम तल पर डेविस हाल (जहाँ आजकल शोध विभाग है), काउंसिल हाल और आधार तल पर कार्यालय थे। प्रशासनिक खंड के लिए दीक्षांत समारोह के अवसर पर तत्कालीन कुलाधिपति महामहिम सर माल्कम हैली ने नवम्बर 1932 ई. में शिलान्यास किया था। बाद में परीक्षा विभाग, गोपनीय विभाग, सीनेट हाल, विश्वविद्यालय कर्मियों के आवास इस परिसर में बने।

पालीवाल पार्क में आवासीय पक्ष के रूप में समाजविज्ञान संस्थान एवं कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ को 1953 में स्थान मिला। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. संपूर्णानंद ने 1956 में समाजविज्ञान संस्थान और तत्कालीन कुलाधिपति डॉ. के. एम. मुंशी ने 1957 में विद्यापीठ के भवन का उद्घाटन किया। केंद्रीय पुस्तकालय भी उसी दौरान बनकर तैयार हुआ। गृह विज्ञान संस्थान के लिए खंदारी में विश्वविद्यालय ने चार एकड का भूखंड क्रय कर ग्वालियर की राजमाता

विजयाराजे सिंधिया से 3.12.1967 को शिलान्यास कराया। भवन का उद्घाटन तत्कालीन कुलाधिपति माननीय डॉ. बी. गोपाल रेड्डी ने 07.07.1968 को किया। बाद में गृह विज्ञान संस्थान से सटे भूखंडों को लेकर 'खंदारी परिसर' विकसित हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट ऑफ बेसिक साइंस (1990), सेठ पदमचंद जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैंनेजमेंट, कामर्स एंड इकोनोमिक्स (1993), अतिथिगृह, दाऊ दयाल व्यावसायिक संस्थान, पर्यटन एवं होटल प्रबंधन संस्थान, यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल, इंजीनियरिंग संस्थान, फार्मेसी विभाग, आंबेडकर भवन, कम्युनिटी रेडियो, खंदारी परिसर में स्थापित हुए। सिविल लाइंस स्थित खंडेलवाल कोठी में ललित कला संस्थान तथा छलेसर में शारीरिक शिक्षा विभाग की स्थापना की गयी। माननीय कुलाधिपति श्री राम नाईक ने 8.7.2016 को पं. दीन दयाल उपाध्याय संस्थान के नवीन भवन का छलेसर में शिलान्यास किया। इस प्रकार संप्रति विश्वविद्यालय चार परिसर क्रमशः पालीवाल पार्क, खंदारी, सिविल लाइंस एवं छलेसर तक विस्तृत है।

## केंद्रीय पुस्तकालय :

विश्वविद्यालय की स्थापना से ही इसमें केंद्रीय पुस्तकालय स्थित रहा है। प्रारंभिक दौर में इसका संचालन कुलसचिव कार्यालय से होता था। बाद में इसे स्थापत्य भवन के रूप में पालीवाल पार्क में स्थापित किया गया। चार मंजिला भवन खुली पुस्तक की तरह है। जिस पर ग्रीक संस्कृति का प्रभाव रखने वाला बाइजांटिन गुम्बद (Byzantine dome) है। यह सात लाख की लागत से 01.03.1956 को बनकर तैयार हुआ। इसमें 1,58,000 पुस्तकें, 200 जर्नल तथा लब्ध प्रतिष्ठित विभूतियों सर्वश्री सी. वाई. महाजन, डॉ. ए. एल. श्रीवास्तव, डॉ. एस. एन. मेहरोत्रा, पं. बनारसी दास चतुर्वेदी और श्री सुंदर लाल रूपरानी इत्यादि के संग्रह हैं। चार परिसरों में केंद्रीय पुस्तकालय की चार शाखायें हैं–

1. पालीवाल पार्क परिसर, 2. खंदारी परिसर, 3. संस्कृति भवन, 4. छलेसर परिसर।

## प्रेक्षाग्रह, सभागार सम्मेलन हाल :

1. 1350 के बैठने की क्षमता वाला–छत्रपति शिवाजी मण्डपम्।
2. 500 के बैठने की क्षमता वाला– जे. पी. सभागार, खंदारी।
3. 200 के बैठने की क्षमता वाला– जुबली हाल, पालीवाल पार्क।
4. 300 के बैठने की क्षमता वाला–संस्कृति भवन का सभा कक्ष।
5. लघु बैठकों के लिए बृहस्पति भवन, पालीवाल पार्क।
6. लघु बैठकों के लिए– अतिथि गृह सभा कक्ष, खंदारी।

## विश्वविद्यालय माडल स्कूल :

नर्सरी से कक्षा 12 तक सी.बी.एस.ई. से सम्बद्ध माडल स्कूल खंदारी परिसर में 20 वर्ष से संचालित है।

## आवास सुविधाएं :

शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मियों के लिए पालीवाल पार्क, गोपालकुंज, खंदारी, सुल्तानगंज परिसर में आवासीय सुविधाएं हैं। विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधाएं भी गृहविज्ञान संस्थान खंदारी, सिविल लाइंस, बाग फरजाना एवं सुल्तानगंज परिसर में हैं।

## केंद्रीय कम्प्यूटर सुविधा :

खंदारी परिसर में केंद्रीय कम्प्यूटर सुविधा है।

## वाई–फाई, सी सी टी वी :

विश्वविद्यालय वाई–फाई व सी सी टी वी युक्त है।

## सामुदायिक रेडियो 'आगरा की आवाज' :

सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार का प्रकल्प 90.4 MHz आगरा की आवाज 30.10.2010 से खंदारी परिसर में संचालित है। प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालयों में स्थापित यह एकमात्र रेडियो स्टेशन है, जो जनसंचार पत्रकारिता विभाग का एक अंग है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020

डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित और स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश लिए जा चुके हैं, जिनकी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं अप्रैल 2022 के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित हैं ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की रीति नीति को भलीभांति को स्पष्ट करने के लिए माननीय कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक जी के निर्देश पर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध आठों जिलों में दो–दो समन्वयक नियुक्त किए गए हैं , जो अपने परिक्षेत्र में आने वाले महाविद्यालयों के प्राचार्यो की बैठक कर यह सुनिश्चित करेंगे कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन भली–भांति हो सके और इस संबंध में यदि किसी महाविद्यालय की किसी भी प्रकार की जिज्ञासा है तो उसका समाधान भी प्रस्तुत करेंगे ।

**LIST OF COORDINATORS**

**AGRA-**Prof. S.P. Singh, Dr. Poonam Singh, **MATHURA-**Prof. Lalit Mohan Sharma, Dr. Surendra Singh, **FIROZABAD-**Prof. V.K. Singh, Dr. Nirmala Yadav, **MAINPURI-**Dr. Shikha Saxena, Dr. Pushpa Kashyap, **ETAH-**Prof. BBS Parihar, Dr. K.P. Singh, **ALIGARH-**Prof. Rajkumar Verma, Arun Kumar Gupta, **HATHRAS-**Dr. Mahaveer Singh, Dr. Shaifali Suman, **KASGANJ-**Dr. Renu Sharma, Dr. Ashok Kumar Rastogi

# राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में चलाया जाने वाला एक बहुउद्देश्यीय कार्यक्रम है। यह योजना स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का बहुआयामी विकास करती है। सत्र 2021–22 में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वच्छता पखवारा, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य जागरूकता, फिटइंडिया कार्यक्रम, कोविड–19 की वैक्सीन के प्रति जागरूकता एवं वैक्सीन अभियान में सहायता आदि कार्यों में स्वयं सेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। 1 अक्टूबर 2021 से 31 अक्टूबर 2021 तक पॉलिथीन उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित कर निस्तारण किया गया । इसके साथ ही विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्वविद्यालय से संबंधित सभी 8 जिलों के प्रत्येक महाविद्यालय में स्वच्छता पखवारा के तहत 04 दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें प्रत्येक दिन भिन्न भिन्न गतिविधियां कराई गयीं।

21–27 फरवरी 2022 में कर्नाटक के धारवाड़ में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने प्रतिनिधित्व किया। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर एवं गणतंत्र दिवस शिविर में सहभागिता। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विशाल दुबे ने दिल्ली में आयोजित 31 दिवसीय गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2022 में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजपथ परेड में शामिल होकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय को सलामी दी। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 12 से 16 जनवरी 2022 तक पुदुचेरी में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में कुल 4 स्वयंसेवकों ने वर्चुअल रूप से प्रतिभागिता कर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतिनिधित्व किया।

26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस में प्रतिभाग करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का 200 सदस्यीय दल 27 जनवरी 2022 को ताजमहल भ्रमण हेतु आगरा आया। ताजमहल के पूर्वी गेट पर विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया और देश के विभिन्न हिस्सों से आए स्वयंसेवकों को अपनी संस्कृति और सभ्यता से परिचित कराया गया।

# राष्ट्रीय कैडेट कोर

विश्वविद्यालय से संबद्ध अनेक महाविद्यालयों में एन.सी.सी. की बटालियन सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं। भारत में एन सी सी 1948 से प्रारंभ हुई और आगरा कॉलेज शिक्षा का वह ऐतिहासिक मंदिर है जहां उसी वर्ष अर्थात 1948 से ही एन सी सी आर्मी विंग की शिक्षा प्रारंभ हो गई, पहले छात्रों के लिए और तत्पश्चात 1949 में छात्राओं के लिए आर्मी विंग तथा 1950 में एयर विंग प्रारंभ हो गई थी।

वर्ष 2020–2021 आगरा कॉलेज के लिए गौरवमयी एवं ऐतिहासिक वर्ष रहा जब उत्तर प्रदेश निदेशालय से लगभग 10 वर्षों पश्चात आगरा कॉलेज की कैडेट रिचा पाराशर भारतीय थल सेना में अधिकारी बनीं तथा कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट रीता निगम को एन सी सी में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल द्वारा राजभवन में राज्यपाल प्रशंसा पत्र देकर तथा उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल राकेश राणा द्वारा एक्सीलेंस मेडल से सम्मानित किया गया। राजभवन में दिए गए 6 स्वर्ण पदकों में से 5 स्वर्ण पदक आगरा के कैडेट्स ने प्राप्त किए।

श्रीमती बी.डी. जैन गर्ल्स पी.जी. कॉलेज की एन.सी.सी. इकाई से सीनियर अण्डर ऑफीसर कैडट सोनिया शर्मा को ATC-IX-2021-22 धीमश्री आगरा कैम्प के दौरान कैम्प सीनियर पद के दायित्व सम्भालने पर अच्छे प्रदर्शन करने पर 1 यू.पी. गर्ल्स बटालियन कैम्प के सी ओ (कर्नल रोहित खन्ना) द्वारा मैडल देकर सम्मानित किया तथा सार्जेंट कैडट लुबना खान को ATC-X-2021-22 धीमश्री आगरा कैम्प के दौरान कम्पनी कमाण्डर का दायित्व सम्भालने पर अच्छे प्रदर्शन हेतु पदक देकर सम्मानित किया तथा ड्रिल प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की एन.सी.सी. प्रभारी लेफ्टिनेंट (डॉ.) नीलम कान्त के निर्देशन में वर्ष 2021–22 में एनसीसी इकाई के कैडेटों द्वारा सामाजिक गतिविधियों में अपना सम्पूर्ण योगदान देने पर कन्नौज के सांसद द्वारा महाविद्यालय के 17 कैडटों व प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. नीलम कान्त को उत्कृष्ट सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

फ्लाइट कैडेट शुभम

फ्लाइट कैडेट निधि गौतम

सेंट जोन्स कॉलेज, आगरा में भी एन.सी.सी. बटालियन पूरी तन्मयता के साथ कार्यरत है। सेंट जोन्स कॉलेज की फ्लाइट कैडेट निधि गौतम ने राजपथ परेड 2022 तथा फ्लाइट कैडेट शुभम ने प्रधानमंत्री की रैली में गार्ड ऑफ ऑनर में भाग लिया।

# छात्र कल्याण विभाग

विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में दी जाने वाली चल वैजयंती ट्रॉफी के लिए साहित्योत्सव 22 में पं.गंगाधर शास्त्री स्मृति हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता, पन्नालाल स्मृति अंग्रेजी वाद–विवाद प्रतियोगिता, गांधी विचार गोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन जे. पी. सभागार और बेसिक साइंस इंस्टीट्यूट के सभागार में किया गया।

उदघाटन सत्र की मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर बीना शर्मा, निदेशक केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा उपस्थित थीं। उन्होंने साहित्योत्सव को विद्यार्थियों के लिए ऊर्जा का संवाहक और प्रेरणा का स्रोत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रति कुलपति प्रो. अजय तनेजा जी ने की। अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. मो. अरशद, डीन, अकादमिक प्रो.संजीव कुमार जी के साथ सहायक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डॉ.रनवीर सिंह, प्रो. रजनीश अग्निहोत्री, डॉ. सलीम जावेद, इंजीनियर शैलेंद्र, डीन रिसर्च प्रो. विनीता सिंह, प्रो. मीनाक्षी श्रीवास्तव व प्रो. दीपमाला श्रीवास्तव उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे–

**हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता** में प्रथम श्रेया गुप्ता सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा। द्वितीय विशाल दुबे सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा। तृतीय शिप्रा बैकुंठी देवी कॉलेज आगरा। सेंट जॉन्स कॉलेज, आगरा की टीम विजेता रही। **अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता में** प्रथम अयान हुसैन सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा। प्रथम निहारिका अग्रवाल बी एस ए कॉलेज मथुरा। द्वितीय मधुश्री मुखर्जी सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा। तृतीय अंशु शर्मा आर बी एस कॉलेज आगरा। सेंट जॉन्स कॉलेज, आगरा की टीम विजेता रही। **गांधी विचार गोष्ठी में** प्रथम अमन दीप कौर आर बी एस कॉलेज, आगरा। द्वितीय मेघा सक्सेना आगरा कॉलेज, आगरा। तृतीय भावना सिंह, श्रीमती भगवती देवी कन्या महाविद्यालय। **वाक् प्रतियोगिता में** प्रथम विशाल दुबे सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा। द्वितीय चंद्रकांत द्विवेदी, आर बी एस आगरा। तृतीय लेख राज माहेश्वरी, बी एस ए कॉलेज मथुरा रहे।

इस वर्ष की पंडित गंगाधर शास्त्री हिंदी वाद विवाद की चल वैजयंती व पन्ना लाल स्मृति चल वैजयंती दोनों ही सेंट जॉन्स कॉलेज, आगरा के नाम के नाम रहीं।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण, प्रोफेसर मोहम्मद अरशद के अनुसार 20 महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। बालिकाओं ने सर्वाधिक 7 पुरस्कार जीते और बालकों ने 5 पुरस्कार जीते।

# विश्वविद्यालय की झलकियाँ

# विश्वविद्यालय की झलकियाँ

# सभी कॉलेजों की कराई जाएगी जिओ टैगिंग

■ प्रो. विनय पाठक ने संभाला कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार

हिन्दुस्तान

# पुस्तकालय को ई-लाइब्रेरी के रूप में करेंगे विकसित

# अब प्रो. पाठक को विवि का अतिरिक्त प्रभार

जिम्मेदारी

# प्रो. आलोक राय की जगह अब प्रो. विनय पाठक प्रभारी कुलपति

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में फिर से किया गया बदलाव

जागरण प्रश्न पहर

दैनिक जागरण कार्यालय में सवालों के जवाब देते डा. भीमराव आंबेडकर विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक • जागरण

सभी चार्टों का डिजिटलाइजेशन प्राथमिकता : प्रो. विनय

विवि : रूसा के तहत कामों के लिए मांगनी होगी धनराशि

# स्नातक पाठ्यक्रमों के द्वितीय और तृतीय वर्ष की परीक्षा होगी सब्जेक्टिव

# विश्वविद्यालय में बह रही 'शोध की गंगा'

जागरण के सवाल

## विवि के केंद्रीय पुस्तकालय का होने जा रहा है कायापलट

**शोधगंगा रिपोजिटरी में आंबेडकर विश्वविद्यालय 237वें स्थान से 22वें स्थान पर आया**



## पचास वर्षों के लिए विवि की कार्य योजना बनाएं : प्रो. विनय पाठक



## प्रो. पाठक ने एक माह में ही बदली विवि की दिशा और दशा

विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक का एक माह का कार्यकाल हुआ पूरा



**पहली बार ही रहा आवासीय इकाई के शिक्षकों का ऑडिट**

## कुलपति ने गिनाए यूनिवर्सिटी में एक महीने के कार्य



## भविष्य में तकनीक से ही लड़े जाएंगे युद्ध



# एक ही दिन में संशोधित हो गई अंकतालिका

अमर उजाला संवाददाता, आगरा। डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सालों से चक्कर काट रहे एक छात्र की समस्या का एक दिन में निदान हो गया। उसकी अंकतालिका को संशोधित कर अपलोड भी कर दिया गया। ये सब कार्यवाहक कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के निर्देश पर हुआ। उन्होंने छात्र समस्याओं के प्रति गंभीर रुख अपनाया है। उनके इस निर्णय से अन्य छात्रों को भी उम्मीद जगी है।

विश्वविद्यालय के छात्र विवेक सक्सेना ने कार्यवाहक कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक से मुलाकात की। उन्हें अपनी समस्या बताई कि चुनौती मूल्यांकन का प्रकरण वर्ष 2017-18 से लंबित है। छात्र की समस्या सुनकर प्रो. पाठक ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को ...

विवेक सक्सेना • अमर उजाला

**बदलाव**

- कार्यवाहक कुलपति के सामने छात्र ने रखी थी अपनी समस्या
- चुनौती मूल्यांकन का प्रकरण वर्ष 2017-18 से था लंबित

इन छात्रों ने भी जगी उम्मीद: ...

**पूर्व कुलपति भी नहीं बनवा पाए थे डिग्री**

विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ने भी एक बार स्वीकार किया था कि इस विश्वविद्यालय में बतौर कुलपति वे भी डिग्री नहीं बनवा पाए। उन्होंने अपने मित्र के बेटे की डिग्री के लिए सहयोगियों को बोला था, जो उन्हें नहीं मिली थी।

दोनों डिग्रियों की परीक्षा स्नातक स्तर पर एक बार देनी होती है। छात्र का आरोप है कि विभाग में तैनात बाबू दोबारा अंकतालिका बनाने का दबाव बना रहा है, इसमें 600 रुपये खर्च होंगे। विवि में चक्कर काट कर परेशान हो चुके छात्र ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को पत्र लिखा मदद मांगी है। अनिल कुमार के अलावा छात्र केशरी सिंह ने भी राज्यपाल को डिग्री समस्या को लेकर पत्र लिखा है। केशरी सिंह ने कुलपति के लिए एक वीडियो भी भेजा था। इंदु बाजपेयी ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर मदद की गुहार लगाई। गिरीश उपाध्याय ने उच्च न्यायालय से मदद मांगी है। अभी तक इन छात्रों को डिग्री नहीं मिली है। आवास विकास कालोनी में रहने वाले आनंद शंकर शर्मा ने इतिहास विषय में पीएचडी की थी। वर्ष 2003 में आनंद शंकर को पीएचडी की उपाधि अलंकृत की गई। मौखिक वायवा होने के बाद आनंद शंकर विश्वविद्यालय में अपनी डिग्री के लिए चक्कर काटते रहे हैं। थक हार के उन्होंने वर्ष 2017 में कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के नोटिसों के बावजूद भी विश्वविद्यालय पर कोई असर नहीं पड़ा। कोरोना काल में उनकी मौत हो गई। पत्नी ने पति द्वारा दाखिल किए केस को जारी रखा और 24 सितंबर 2021 को सुनवाई में आगरा की स्थाई लोक अदालत ने विश्वविद्यालय के जिम्मेदार कर्मचारियों पर दो लाख का जुर्माना लगाया। अब इन सभी को समस्या का समाधान की उम्मीद है।

## विवि में विज्ञान सर्वत्र पूज्यते कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



## भारत सदियों से वैज्ञानिक सोच से परिपूर्ण रहा: प्रो. पाठक

- वैज्ञानिक सोच एवं तकनीकी विषय पर आयोजित हो गोष्ठी

**हिन्दुस्तान**

डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि के नव नियुक्त कुलपति ने लिया चार्ज

## डिजिटलाइजेशन से विवि का बदला जाएगा माहौल



## मार्कशीट के बाद अब डिजी लॉकर पर होंगे विवि के रिजल्ट

आगरा | हिन्दुस्तान संवाद

डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि की डिग्री के बाद परिणाम भी डिजी लॉकर पर होंगे। छात्रों की मार्कशीट से लेकर अन्य प्रमाण पत्र भी डिजी लॉकर पर अपलोड करने की प्रक्रिया विवि सहित प्रदेश के अन्य विवि की अब चलती होगी। इस संबंध में शासन ...

बता दें कि विश्वविद्यालय पिछले दिनों डिग्री को डिजी लॉकर अपलोड करना शुरू किया था। वि ने दो साल की डिग्री को डिजी लॉकर अपलोड किया था। अब विवि परिणाम भी इस व्यवस्था में लाने की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस. गर्ग ने सभी को यह निर्देश दिए। इसके साथ एनसीसी, एनएसएस सहित दूसरे प्रमाण ...

## पीएचडी के लिए आवेदन आज

## कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ

यह डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का प्रथम संस्थान है । विद्यापीठ की स्थापना के पीछे मुख्य प्रेरणा तत्कालीन राज्यपाल उ. प्र., गुजराती साहित्य के लब्ध प्रतिष्ठित रचनाकार एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी जी की थी । मुंशी जी के नाम से ही 14 दिसम्बर 1953 को विद्यापीठ की स्थापना हुई । विद्यापीठ की स्थापना के पीछे मुंशी जी की परिकल्पना यह थी कि इस शोध केन्द्र के माध्यम से भाषा का संवर्द्धन एवं अन्य भाषाओं से हिंदी के तुलनात्मक अध्ययन को दिशा मिल सकेगी। प्रो. विश्वनाथ प्रसाद, प्रो. माताप्रसाद, प्रो. रामविलास शर्मा एवं. प्रो. विद्यानिवास मिश्र जैसे लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों ने विद्यापीठ के निदेशक पद को सुशोभित किया है । विद्यापीठ की स्थापना के उद्देश्य इस प्रकार हैं – हिंदी भाषा एवं साहित्य के संवर्द्धन हेतु शोध केन्द्र के रूप में विकास, तुलनात्मक साहित्यिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करना, यत्र–तत्र बिखरी पड़ी हिंदी तथा अन्य भाषाओं की पाण्डुलिपियों का संरक्षण एवं उन पर अनुसंधान करना।

**विद्यापीठ में संचालित विभागों के नाम :**

- आधुनिक भारतीय भाषा विभाग
- विदेशी भाषा विभाग
- संस्कृत विभाग
- भाषाविज्ञान विभाग,
- जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग

**विद्यापीठ में संचालित पाठ्यक्रम :**

- डी. लिट्.
- एम. ए. (हिंदी, भाषाविज्ञान, संस्कृत एवं फ्रेंच)
- बी. ए. ऑनर्स (हिंदी, भाषाविज्ञान)
- सर्टीफिकेट (रशियन, फ्रेंच, जर्मन)
- एडवांस डिप्लोमा (रशियन, फ्रेंच, जर्मन)
- पी–एच.डी. (हिंदी, भाषाविज्ञान)
- भाषाविज्ञान में डिप्लोमा
- जनसंचार में पी.जी. डिप्लोमा
- डिप्लोमा (रशियन, फ्रेंच, जर्मन)

**शिक्षकों का विवरण :**

| शिक्षक का नाम | पद नाम | विशेषज्ञता |
|---|---|---|
| **हिन्दी विभाग** | | |
| प्रो. प्रदीप श्रीधर | आचार्य एवं निदेशक | हिंदी साहित्य, प्रवासी साहित्य |
| प्रो. रामशंकर कठेरिया | आचार्य | कथा साहित्य |
| डॉ. अमित कुमार सिंह | विषय विशेषज्ञ | समकालीन कविता |
| डॉ. राजकुमार | विषय विशेषज्ञ | कथा साहित्य |
| डॉ. भावना सिंह | विषय विशेषज्ञ | कथा साहित्य |
| श्रीमती मोहिनी दयाल | विषय विशेषज्ञ | प्रवासी साहित्य |

जनवरी 2018 में विद्यापीठ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में संपादित पुस्तक के विमोचन का दृश्य

लंदन के हाउस ऑफ कॉमन्स में आयोजित संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए प्रसिद्ध साहित्यकार श्री तेजेन्द्र शर्मा जी ।

| शिक्षक का नाम | पद नाम | विशेषज्ञता |
|---|---|---|
| **भाषाविज्ञान विभाग** | | |
| डॉ. नीलम यादव | असिस्टेंट प्रोफेसर | समाज भाषाविज्ञान, भाषा शिक्षण |
| डॉ. रणजीत भारती | असिस्टेंट प्रोफेसर | अकादमिक हिंदी, प्रकार्यात्मक हिंदी |
| डॉ. रीतेश कुमार | असिस्टेंट प्रोफेसर | तकनीकी भाषाविज्ञान |
| श्रीमती पल्लवी आर्या | असिस्टेंट प्रोफेसर | तन्त्रिका भाषाविज्ञान सांकेतिकता आकृति विज्ञान |
| **संस्कृत विभाग** | | |
| डॉ. राजेन्द्र दवे | विषय विशेषज्ञ | व्याकरण एवं दर्शन |
| श्रीमती वर्षा रानी | विषय विशेषज्ञ | दर्शन एवं भाषाशास्त्र |
| **विदेशी भाषा विभाग** | | |
| डॉ. प्रदीप कुमार | विषय विशेषज्ञ | आधुनिक फ्रेंच साहित्य |
| डॉ. आदित्य प्रकाश | विषय विशेषज्ञ | आधुनिक फ्रेंच साहित्य |
| श्री कृष्ण कुमार | विषय विशेषज्ञ | फ्रेंच उपन्यास |
| **जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग** | | |
| डॉ. संदीप कुमार | विषय विशेषज्ञ | समकालीन पत्रकारिता |

**छात्रों का विवरण :**

छात्रों की कुल संख्या : लगभग 200 शोध छात्रों की संख्या : 6 जे. आर. एफ. छात्रवृत्ति : 3

**अकादमिक उपलब्धियाँ :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रायोजित शोध परियोजना | : 02 | प्रकाशित शोध पत्र | : 08 |
| संपादित पुस्तक में संकलित आलेख | : 07 | प्रकाशित पुस्तकें | : 11 |
| संगोष्ठियों में सहभागिता | : 12 | संपादित पुस्तकों का संपादन | : 12 |
| संगोष्ठियों में शोध–पत्र प्रस्तुतीकरण | : 05 | पुरस्कार | : 03 |
